देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 254 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
कांग्रेस की सोच



# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 18 जनवरी 2024



मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 8.0°

71500.76

2 तेजी से बूढ़ा हो रहा चीन

7 हेजलवुड–कमिंस ने बरपाया गेंद से कहर

# हर घर में श्रीराम ज्योति जलाएं: पीएम

## पीएम ने 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने बुधवार सुबह त्रिशूर के गुरुवायूर मंदिर में पूजा अर्चना की। वहीं, उन्होंने कोच्चि में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

कोच्चि में जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, केरल के लिए परियोजनाओं का आज लोकार्पण किया गया। वहीं, पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने केरल में लोगों से अपील की कि 22 जनवरी को रामलीला प्राण–प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर घर–घर में सद्भाव के साथ दिए जलाएं। वहीं, अपने मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएं।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार कोच्चि जैसे तटीय शहरों की क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही है। हम सागरमाला परियोजना जैसी पहल के माध्यम से बंदरगाहों की क्षमता बढ़ाने, बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को बनाने और मजबूत करने और बंदरगाहों की कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आजादी के अमृत कालश में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में देश के हर राज्य की अपनी–अपनी भूमिका है। ऐसे समय में जब भारत समृद्ध था, जब वैश्विक जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी बहुत बड़ी थी, तब उसकी ताकत उसके बंदरगाह और बंदरगाह शहर ही थे। अब, जब भारत फिर से वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है, तो हमने अपनी समुद्री शक्ति को मजबूत करना शुरू कर दिया है।

मोदी ने केरल में शक्तिकेंद्र प्रभारी सम्मेलन में भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, भाजपा कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों ने केरल में भाजपा का झंडा ऊंचा रखा है। मैं आपके सामने सिर झुकाता हूं – जो लोग राजनीतिक उथल–पुथल के दौरान भी भारत की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं।

पीएम मोदी ने आगे कहा, आज भाजपा जन–जन की पार्टी बन गयी है। यह एकमात्र पार्टी है जिसके पास तेज विकास का ट्रैक रिकॉर्ड और भविष्य के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है। गरीब, महिला, युवा और किसान ये चार श्रेणियां हैं जिनका सशक्तिकरण एक विकसित भारत की नींव रखेंगे।

### देशवासियों के एक लाख करोड़ बचे

पीएम ने कहा भाजपा की प्राथमिकता लोगों की आय बढ़ाने के साथ ही देशवासियों की बचत बढ़ाना भी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत देशवासियों को करीब करीब एक लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। अब तक जन औषधि केंद्रों की वजह से लोगों के 25 हजार करोड़ रुपये बचे हैं।



### पीएम मोदी ने केरल में राम मंदिर का किया जिक्र

पीएम ने आगे कहा कि मुझे गुरुवायुर मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला। मुझे केरल के विकास के उत्सव में हिस्सा लेने का अवसर मिला है। कुछ दिन पहले 30 दिसंबर को अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करते हुए मैं केरल में रामायण से जुड़े चार पवित्र मंदिरों की बात की थी। यह चारों मंदिर राजा दशरथ के चार पुत्रों से जुड़े हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला है। केरल के गुरुवयूर मंदिर में पीएम फिल्म अभिनेता और राजनेता सुरेश गोपी की बेटी की शादी में भी शामिल हुए।

### बूथ जीत सकते हैं, तो हम केरल जीत सकते हैं

आगामी लोकसभा और केरल विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, मुझे यकीन है कि केरल बीजेपी की जीत में भूमिका निभाने जा रहा है। हमारा पहला संकल्प होना चाहिए हम अपना बूथ जीतेंगे। अगर हम एक बूथ जीत सकते हैं, तो हम केरल जीत सकते हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अधिक मेहनत करने की गुजारिश की। उन्होंने आगे कहा कि केरल के लोगों के साथ संबंध बनाना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपको सभी को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाना है और उन्हें मोदी की गारंटी अभियान में शामिल करने में मदद करनी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान से राजदूत वापस बुलाएगा पाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ईरान की ओर से किए गए मिसाइल हमलों ने दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। अब पाकिस्तान ने बड़ा फैसला लेते हुए ईरान से अपने राजदूत को ही वापस बुलाने का फैसला लिया है। पाकिस्तान का कहना है कि यह हमला करके ईरान ने उसकी संप्रभुता को चोट पहुंचाई है। यही नहीं उसका दावा है कि ईरान के हमलों में दो मासूम बच्चे मारे गए हैं और तीन बच्चियां घायल हुई हैं।

### रामलला के दर्शन करने जाएंगे केजरीवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भगवान रामलला के दर्शन करने जाएंगे। सीएम ने बुधवार को कहा कि मैं परिवार के साथ अयोध्या भगवान राम के दर्शन करने जाऊंगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिल्ली से अयोध्या के लिए और अधिक ट्रेनें चलें।

# नीति आयोग पीएम मोदी का चीयरलीडर

## कांग्रेस ने गरीबी के आंकड़ों को खारिज करते हुए केंद्र को घेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नागालैंड। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को देश में बहुआयामी गरीबी को लेकर नीति आयोग की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने इसे गलत बताया और नीति आयोग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोंपू बताया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने नीति आयोग की उस रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया है कि पिछले नौ सालों में लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा, नीति आयोग की रिपोर्ट फर्जी है। यह रिपोर्ट झूठ है। नीति आयोग कोई स्वतंत्र संस्था नहीं है। नीति आयोग प्रधानमंत्री के लिए चीयरलीडर और ढोल बजाने वाला है। नीति आयोग द्वारा दिए गए आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। सभी विशेषज्ञों ने इसकी आलोचना की है। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि आयोग की रिपोर्ट को लेकर पार्टी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले नौ सालों में भारत में कम से कम 24.82 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में बहुआयामी गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जो 2013–14 में 29.17 प्रतिशत से बढ़कर 2022–23 में 11.28 प्रतिशत हो गई है। इसमें 17.89 फीसदी अंक की कमी आई है।

उत्तर प्रदेश में पिछले नौ सालों के दौरान 5.94 करोड़ लोगों के गरीबी से बाहर निकलने के साथ ही गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

### कांग्रेस के 65 सालों के गरीबी हटाओ नारे खोखले: चंद्रशेखर

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस पर हमला करते हुए एक कार्यक्रम में कहा, ष्कांग्रेस के 65 सालों के गरीबी हटाओ के खोखले नारों के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने केंद्रित, मेहनती, दृढ़, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और श्गरीब कल्याणश नीतियों के जरिए 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है।

# श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर बैन की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग उठ रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में इसे लेकर एक जनहित याचिका दाखिल हुई है। खबर है कि याचिका में शंकराचार्यों की तरफ से उठाई गई आपत्तियों का हवाला दिया गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि सोमवार दोपहर 1 बजे समारोह हो सकता है।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के भोला दास ने याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है, 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। निर्माणाधीन मंदिर में रामलला की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूजा करेंगे। आगे कहा गया है, शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर आपत्ति उठाई है। पूस के महीने में कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होते हैं। मंदिर अभी भी पूरा नहीं हुआ है। एक अधूरे मंदिर में किसी भी देवता को विराजमान नहीं किया जाता है।

याचिका में प्राण प्रतिष्ठा को सनातन परंपरा के खिलाफ मामला भी बताया गया है। इसमें यह भी दावा किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी फायदे के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया है।

### याचिका

■इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर

### प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार को शुरू हो गया। मंदिर न्यास के एक सदस्य और उनकी पत्नी की अगुवाई में इस दौरान कई अनुष्ठान हुए। मंगलवार से शुरू हुए अनुष्ठान नए मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न होंगे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# उत्तराखंड में पल–पल करवट बदल रहा मौसम

**संवाददाता**

नई दिल्ली। उत्तराखंड में मौसम पल–पल करवट बदल रहा है। बुधवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और बदरीनाथ धाम, फूलों की घाटी, हेमकुंड, रुद्रनाथ, हनुमान चट्टी, समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। जबकि निचले स्थान में मौसम खराब होने से कड़ाके की ठंड हो रही है। वहीं, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित आस–पास खरशाली गांव , जानकीचट्टी, नारायण पुरी फूलचट्टी क्षेत्र में भी हल्की बर्फबारी हुई।

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी फिलहाल तीन–चार दिन बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज मैदानी इलाकों में कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, विंटर बारिश न होने की वजह से सूखी ठंड परेशान कर रही है। बारिश और बर्फबारी नहीं होने की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। पहाड़ों पर कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### बदरीनाथ और हेमकुंड समेत ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी

## न्यूज डायरी



### चुनाव परिणाम से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि ताइवान चीनी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि ताइवान के चुनाव के नतीजे से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि यह द्वीप चीनी है। प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बीजिंग में एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, चुनाव परिणाम पुनर्एकीकरण की प्रवृत्ति को नहीं रोक सकते। ताइवान की सरकार चीन के संप्रभुता के दावे को खारिज करती है। ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी), जिसने शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव जीता, बीजिंग के संप्रभुता के दावों को खारिज कर दिया है, लेकिन वह बार–बार बातचीत की पेशकश करती रही है जिसे अस्वीकार कर दिया गया है। चीन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग–ते को एक खतरनाक अलगाववादी के रूप में देखता है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बीजिंग में एक नियमित समाचार ब्रीफिंग में कहा कि ताइवान के चुनाव के नतीजे इस तथ्य को नहीं बदलेंगे कि द्वीप चीनी है। चेन ने कहा, बल प्रयोग को त्यागने का हमारा वादा बिल्कुल भी ताइवान के लोगों पर लक्षित नहीं है। हम बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप और छोटी संख्या में ताइवान के स्वतंत्र अलगाववादियों और उनकी अलगाववादी गतिविधियों को लक्षित कर रहे हैं।

### सऊदी इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब के विदेश मंत्री के कहना है कि उनका देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार है लेकिन शर्त ये है कि पहले फिलीस्तीन का मामला हल हो। सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच पर एक पैनल से कहा अगर एक व्यापक समझौता होता है, जिसमें फिलिस्तीनियों के लिए स्टेट का दर्जा शामिल होता है तो निश्चित रूप से इजरायल को मान्यता दी जा सकती है। फैसल बिन फरहान ने कहा, हम इस बात को मानते हैं कि क्षेत्र में शांति के लिए इजरायल अहम है लेकिन शांति कायम करने का काम केवल फिलिस्तीनियों के लिए फिलिस्तीनी राज्य के माध्यम से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी स्टेट बनाकर क्षेत्रीय शांति हासिल करने पर हम अमेरिकी प्रशासन के साथ काम कर रहे हैं और यह गाजा के लिए भी बहुत प्रासंगिक है। बता दें कि दुनिया के 20 से ज्यादा देश इजरायल को राष्ट्र नहीं मानते हैं। वहीं इजरायल की सरकार फिलीस्तीन को राष्ट्र के तौर पर स्वीकार नहीं करती है। ऐसे में इजरायल के स्टैंड पर भी अब निकाह रहेगी।

### न्यूजीलैंड की हैंडबैग और कपड़े चुराने वाली महिला सांसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की ग्रीन पार्टी की महिला एमपी गोलरिज घरमन ने इस्तीफा दे दिया है। ईरानी मूल की गोलरिज ने बुटीक से कपड़े और हैंडबैग चोरी के कम से कम तीन आरोप लगने और इसकी सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पद से रिजाइन कर दिया। उनके ऑकलैंड और वेलिंगटन में महंगे कपड़ों की दो दुकानों से सामान चुराने की कोशिश का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस्तीफा देने के बाद घरमन ने अपने तनाव को इसकी वजह बताया है और माफी मांगी है। घरमन ने कहा, मेरे काम से संबंधित तनाव की वजह से मेरा मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसने मुझे उन तरीकों से काम करने के लिए प्रेरित किया है, जो पूरी तरह से मेरे चरित्र से परे हैं। मैं अपने किए के लिए कोई बहाना नहीं बना रहीं हूं लेकिन मैं चीजों को स्पष्ट करना चाहती हूं। लोगों को अपने चुने हुए प्रतिनिधियों से जिस तरह के बर्ताव की उम्मीद होती है, जो मैंने नहीं किया। मेरे मानसिक स्वास्थ्य के लिए यही अच्छा होगा कि मैं संसद सदस्य के रूप में इस्तीफा दे दूं और अपनी रिकवरी पर ध्यान केंद्रित करूं और दुनिया में सकारात्मक बदलाव के लिए काम करने के अन्य तरीके तलाश करूं। गोलरिज पर लगे चोरी के आरोपों की पुलिस जांच कर रही है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार वकील रही घरमन ने 2017 में न्यूजीलैंड की सरकार का हिस्सा बनकर इतिहास रचा था। वो न्यूजीलैंड की पहली ऐसी महिला थीं, जो शरणार्थी के रूप में आई थीं और उन्होंने पार्टी का न्याय विभाग संभाला था।

# जयशंकर की ईरान यात्रा और पाकिस्तान पर हो गया मिसाइल हमला

## एयर स्ट्राइक पर भड़का पाकिस्तान, अधिकारी को किया तलब

**हमला**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



इस्लामाबाद। रूस–यूक्रेन और इजरायल–हमास जैसे दो बड़े युद्ध दुनिया में चल रहे हैं। इसी बीच भारतीय उपमहाद्वीप में एक और तनाव ने दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने पाकिस्तान के अंदर मिसाइल दागे हैं। पाकिस्तान के अंदर बलूच आतंकी समूह जैश अल–अदल के मुख्यालय पर ईरान ने ड्रोन और मिसाइल से सटीक हमला किया है। इस हमले ने दोनों इस्लामी देशों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। साथ ही एक बार फिर साबित हो गया है कि पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम बेहद कमजोर है।

हालांकि यह हमला तब हुआ है, जब भारतीय विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने ईरान की यात्रा की थी। विदेश मंत्री जयशंकर की यात्रा और फिर ईरान के हमले को आपस में जोड़ा जा रहा है। भारत के पाकिस्तान से खराब संबंध हैं और ऐसे में यह हमले एक संयोग हैं। इस घटना का समय राजनयिक जुड़ाव, क्षेत्रीय सुरक्षा चिंता और पाकिस्तान से पैदा होने वाले आतंकवाद के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे को लेकर सवाल उठाते हैं। पाकिस्तान से पैदा होने वाले आतंक से भारत भी परेशान है। विदेश मंत्री जयशंकर की चर्चा में रणनीतिक चाबहार बंदरगाह परियोजना से लेकर समुद्री सुरक्षा और खाड़ी में बढ़ते खतरे समेत कई मुद्दे शामिल रहे।

बातचीत के दौरान उन्होंने हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात की सुरक्षा पर जोर दिया। कुछ दिनों पहले भारत आ रहे एक जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ था, इस कारण भारत को अपने जहाजों की चिंता है। ईरान की एयर स्ट्राइक दिखाता है कि पाकिस्तान अपनी सीमा में आतंकियों को पनाह देता है। पाकिस्तान आतंकियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह है। ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकियों को यहां शरण मिली हुई थी, जिसे दुनिया नजरअंदाज नहीं कर सकती। ईरान की यह प्रतिक्रिया आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों की संवेदनशीलता को दिखाती है।

पाकिस्तान ने ईरान के मिसाइल हमलों की कड़ी निंदा की और इसे अपने हवाई क्षेत्र का अकारण उल्लंघन बताया है। ईरान के हमले में दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं कई लोग हताहत हुए हैं। पाकिस्तान ने इस घटना को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। इससे पहले इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में कथित इजरायली जासूसी और सीरिया में ISIS से जुड़े ठिकानों पर भी हमला किया गया था। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा कहा है कि सभी देशों के लिए आतंकवाद एक साझा खतरा है, जिसके लिए कार्रवाई की जरूरत है।

## कनाडा जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में आई भारी गिरावट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद के कारण वर्ष 2023 में कनाडा द्वारा भारतीय छात्रों को जारी किए गए स्टडी परमिट की संख्या में भारी गिरावट देखी गई। कनाडाई शीर्ष अधिकारी ने कहा, ऐसा तब किया गया जब भारत ने परमिट की प्रक्रिया करने वाले कनाडाई राजनयिकों को निकाल दिया और तो और खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर राजनयिक विवाद के कारण कम भारतीय छात्रों ने भी आवेदन कम किया था।

इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने एक इंटरव्यू में कहा, उनका मानना है कि भारतीय छात्रों के स्टडी परमिट की संख्या जल्द ही बढ़ने की संभावना नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के जून में यह कहने के बाद राजनयिक तनाव पैदा हो गया कि ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने के सबूत हैं।

मार्क मिलर ने कहा, भारत के साथ हमारे रिश्तों की वजह से वास्तव में आवेदनों की क्षमता आधी हो गई है। मंत्री के एक प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के विवाद ने भारतीय छात्रों को दूसरे देशों में पढ़ने के लिए ऑप्शन दिया है।



### नाइजीरिया के एक मकान में विस्फोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लागोस। नाइजीरिया के ओयो राज्य में स्थित एक निजी बिल्डिंग में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई है। ओयो राज्य के गवर्नर ने बुधवार को बताया कि आवास में विस्फोटक रखा था, जिसमें ब्लास्ट हो गया और दो लोगों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि इस विस्फोट में दर्जनों लोग घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि इसकी चपेट में आने से कई घर भी तबाह हो गए। गवर्नर सेई माकिंडे ने एक बयान में कहा कि विस्फोट में घायल हुए 77 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकतर लोग ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। गवर्नर सेई माकिंडे ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को शुरुआत जांच से पता चला है कि एक मकान पर अवैध खनन करने वालों ने कब्जा कर रखा था और उन्होंने भारी मात्रा में विस्फोटक को जमा किया था।

## तेजी से बूढ़ा हो रहा चीन, मरने वाले पैदा होने वालों से ज्यादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■मौतों की संख्या दोगुनी से भी अधिक बढ़कर 690000 हो गई

बीजिंग। सरकार के सांख्यिकी ब्यूरो ने बुधवार को कहा कि चीन की जनसंख्या में 2023 में 2 मिलियन लोगों की गिरावट आई है, जो कि लगातार दूसरी वार्षिक गिरावट है। सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा है कि कोविड–19 प्रतिबंध हटने के बाद जन्म में गिरावट और मृत्यु में वृद्धि हुई है।

मौतों की संख्या दोगुनी से भी अधिक बढ़कर 690,000 हो गई। जनसांख्यिकी विशेषज्ञ उम्मीद कर रहे थे कि पिछले साल के अंत में शुरू हुई और पिछले साल फरवरी तक जारी रहने वाली कोविड–19 के प्रकोप के कारण मौतों में तेज वृद्धि होगी। सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा कि कुल जनसंख्या 1.4 अरब थी।

ब्यूरो ने अपने रिपोर्ट में कहा कि जन्मों में गिरावट जन्म दर में गिरावट को दर्शाती है, जो चीन के लिए लंबे समय से चल रही आर्थिक और सामाजिक चुनौती है। जनसंख्या लगातार बूढ़ी हो रही है। ब्यूरो ने कहा कि जन्म दर में गिरावट आर्थिक विकास को धीमा कर सकती है और कम श्रमिकों के साथ बड़ी बुजुर्ग आबादी को प्रदान करने की देश की क्षमता को चुनौती दे सकती है।

चीन में सातवें वर्ष जन्मों की संख्या में गिरावट आई है। हालांकि पिछले साल की तुलना में जन्मों की संख्या में कम गिरावट देखी गई है। पिछले साल लगभग 9 मिलियन बच्चों का जन्म हुआ, जो 2016 की कुल संख्या का आधा है।

चीन, जो कभी अपनी एक–बाल नीति के साथ जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने की कोशिश करता था, अब विपरीत समस्या का सामना कर रहा है। सरकार ने 2016 में अपनी एक–बाल नीति को आधिकारिक तौर पर समाप्त करने के बाद से जन्म को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है लेकिन बहुत कम सफलता मिली है। लोग देर से शादी कर रहे हैं और कभी–कभी बच्चे पैदा न करने का विकल्प भी चुनते हैं, जिनके पास केवल एक ही बच्चा होता है।

### अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को बनाया निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना ने हूती विद्रोही के ठिकानों को निशाना बनाया है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, अमेरिकी सेना ने यमन में स्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया है। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिकी सेना ने उन बैलिस्टिक मिसाइलों को तबाह कर दिया है, जिन्हें हूती विद्रोहियों द्वारा इस्तेमाल किया जाना था। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि हूती विद्रोहियों के पास फैसला करने का एक विकल्प है। इससे पहले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि फ्रांस ने अमेरिकी नेतृत्व वाले हमलों में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि वह क्षेत्रीय तनाव से बचना चाहता है। अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी सेना ने हूती विद्रोहियों की चार एंटी–शिप मिसाइलों पर हमला किया है।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# वेडिंग डेस्टिनेशन स्थलों तक मजबूत किया जाए रोड नेटवर्क

**निर्देश**

## पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सड़कों की स्थिति को ठीक करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। चार धाम यात्रा 2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सड़कों की स्थिति को ठीक करने के निर्देश दिए। चार धाम यात्रा रुट के साथ ही वेडिंग डेस्टिनेशन वाले स्थानों तक भी रोड नेटवर्क को मजबूत किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सड़कों के साथ ही वैकल्पिक सड़कों का भी बेहतर इंतजाम किए जाने पर जोर दिया।

सचिवालय में हुई समीक्षा बैठक में महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले ही सभी मुख्य सड़कों के साथ ही वैकल्पिक सड़कों को भी चाकचौबंद कर दिया जाए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाना है। इसके लिए वेडिंग डेस्टिनेशन स्थलों तक पर्यटकों और यात्रियों के पहुंचने को सड़कों का उचित प्रबंध किया जाए।



महाराज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को समय से पूरा किया जाए। वह स्वयं भी व्यक्तिगत रूप से यात्रा मार्गों की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। चार धाम यात्रा के दौरान तोता घाटी के पास होने वाले भूस्खलन को देखते हुए श्रीनगर के पास यात्रियों को मार्ग अवरुद्ध होने की जानकारी देने के जरूरी उपाय किए जाएं।

डंपिंग जोनों का समतलीकरण कर ऐसे स्थानों को पार्किंग के रूप में उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। आरटीओ को सभी सड़कों का मौका मुआयना करने के निर्देश दिए। पर्यटकों और यात्रियों की समस्याओं को सुनने और उसके त्वरित समाधान को पर्यटन पुलिस को दक्ष करने पर जोर दिया। उनकी एक ड्रेस भी निर्धारित करने को कहा।

चारधाम यात्रा के दौरान घोड़े खच्चरों को दी जाने वाली प्रताड़ना अंकुश लगाने के निर्देश दिए। बैठक में बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, सचिव पंकज पांडेय, अपर सचिव युगल किशोर पंत, रिद्धिम अग्रवाल, बीडी सिंह, अनिल ध्यानी, विप्रा त्रिवेदी, आरपी सकलानी, अरविन्द पाण्डेय, दीपक कुमार यादव, पीके शर्मा, दयानंद आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की नैनीताल इकाई को किया सम्मानित

**संवाददाता** हल्द्वानी। हल्द्वानी में बुधवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नैनीताल इकाई की टीम को प्रदेश संगठन मंत्री सुशील सक्सेना ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री ने बताया कि आज जिस प्रकार से नैनीताल इकाई की टीम लगातार अपने काम से आगे बढ़ते हुए संगठन को मजबूती देने के लिए प्रयत्न कर रही है। वो काबिलियत तारीफ है। कहा कि लगातार संगठन मजबूत होने के साथ–साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है जो अपने आप में सराहना कार्य है। यहां जिला अध्यक्ष नीरज माथुर, जिला महासचिव पंकज सक्सेना, जिला संगठन मंत्री दीपेश श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष मुकेश सक्सेना, प्रदेश पृष्ठ उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मौली भटनागर, सविता माथुर, नवीन सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 30 इनक्यूबेटरों के लिए स्टार्टअप ग्रांट्स की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक, भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, ने आज घोषणा की कि वह इस वर्ष परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स के तहत 30 इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर को फंडिंग प्रदान करेगा। फंडेड स्टार्टअप्स, बदले में, 100 से अधिक सामाजिक प्रभाव वाले स्टार्टअप को फाइनेंस करेंगे और मेंटरशिप प्रदान करेंगे। इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर उन स्टार्टअप्स का मार्गदर्शन करेंगे जिनका लक्ष्य राष्ट्रीय महत्व की क्षेत्रीय चुनौतियों को हल करना होगा और इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी– सतत विकास लक्ष्यों) को प्राप्त करने में योगदान देना होगा।

### शाहरुख खान ने टाइड को बताया असली एसआरके स्टेन रिमूवल किंग

**संवाददाता** देहरादून। टाइड दुनिया का नंबर 1 डिटर्जेंट ब्रांड, के पास उत्कृष्ट लॉन्ड्री समाधान उपलब्ध कराने के अपने ट्रेडिशन को जारी रखते हुए, एक खास पार्टनरशिप के बारे में जबरदस्त खबर है पिछले दस वर्षों में टाइड ने नई उत्पादों जैसे टाइड मैटिक लिक्विड और टाइड पॉड्स को शामिल करके नवाचार पर अपना ध्यान केंद्रित किया है टाइड का वादा है की वो उपभोक्ताओं को उनकी बदलती आदतों कपड़ों और खान–पान की पसंदगी और जीवनशैली को अपनाकर खुश रखेगा। मुक्ता माहेश्वरी, मुख्य विपणन अधिकारी, पी एंड जी इंडिया और उपाध्यक्ष, फैब्रिक केयर, पी एंड जी इंडिया ने इस नई साझेदारी पर बोलते हुए कहा टाइड जो दुनिया का नंबर 1 डिटर्जेंट ब्रांड है जो रोजमर्रा की उपभोक्ता आवश्यकताओं की जरूरतों को प्रमुखता के साथ हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चंद्रबनी के लोगों ने की मालिकाना हक देने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। चंद्रबनी क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह राघव के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर चंद्रबनी क्षेत्र के पांच हजार परिवारों को मालिकाना हम देने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

क्षेत्रीय पार्षद सुखबीर बुटोला ने बताया कि, चंद्रबनी क्षेत्र के तहत धारा चार वन भूमि व कब्जे की भूमि में रह रहे 5 हजार परिवार मालिकाना हक पाने के लिए पिछले पचास साल से प्रयासरत हैं। चंद्रबनी क्षेत्र के कैलाशपुर, पित्थूवाला, अमर भारती, चंद्रबनी चोयला, पटियोंवाला, भुत्तोवाला, धार वाली आदि कई गांव के लोग पिछले 50 वर्षों से अधिक सालों से यहां निवासरत हैं। जो पूर्व में राज्य सरकार की भूमि थी। इस पर राज्य सरकार ने दून हाउसिंग सोसायटी बनाने का निर्णय लिया था। जिसमें से 700 एकड़ भूमि को बाद में धारा 4 के अंतर्गत वन महकमे को दे दिया गया। जिस पर पूर्व में लोगों द्वारा भवन बना दिए गए, वर्तमान में लगभग 5 हजार परिवार यहां निवासरत हैं। यहां की आबादी को बिजली, पानी व अन्य सभी सरकारी सुविधा मिल पा रही हैं। मगर निवास समेत अन्य प्रमाण पत्र आदि नहीं बन पा रहे हैं। कई बार वन अधिकारियों द्वारा क्षेत्रवासियों को परेशान किया जाता है। ज्ञापन में स्थानीय लोगों को मालिकाना हक का निर्णय सीएम घोषणा या कैबिनेट बैठक के आधार पर देने की मांग की गई।



### पुलिस लाइन में प्रतियोगिताओं का उद्घाटन

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार पुलिस लाइन में बुधवार को 19वीं प्रादेशिक अंर्तजनपदीय वाहिनी वैज्ञानिक अनुसंधान फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एंटी साबोटाज एवं स्वान प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। अपर पुलिस महानिदेशक अमित कुमार सिन्हा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। शुक्रवार को प्रतियोगिता का समापन होगा। राज्य के विभिन्न जनपदों से हरिद्वार पहुंची पुलिस की 13 टीमों ने अपर पुलिस महानिदेशक अमित कुमार सिन्हा को बैंड की धुन एवं तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मार्च पास्ट के दौरान सलामी दी।

# नाथुवाखान हरिनगर के ग्रामीण 13 सूत्रीय मांगो को लेकर अनशन पर बैठे

**संवाददाता** भवाली। हरिनगर भूमि मालिकाना हक संघर्ष समिति ने बुधवार से पंचायत घर में क्रमिक अनशन शुरू किया। ग्रामीण एकजुट होकर धरना स्थल पर सुबह से ठंड में बैठे रहे। वक्ताओं ने कहा कि समाज सुधारक मुंशी रॉय बहादुर हरि प्रसाद टम्टा ने जिले में 16 हरिनगर बसाये थे। लोगो के पास अपनी भूमि नही थी। जिसे देखते हुए अंग्रेजो से 1944 के दशक में गाँव बसाया। 40 हजार एकड़ भूमि अँग्रेजो से लेकर गांव बसाए गए। कहा हम यहां 90 साल से जमीनों पर रह रहे है। लेकिन दुर्भाग्य हमे आज तक मालिकाना हक नही मिला। अब संघर्ष कर अनिश्चितत कालीन धरना प्रदर्शन कर समस्या का निराकरण किया जाएगा।

**नए नए संसोधन से जटिलता बढ़ने से हो रही परेशानी**

वक्ताओं ने आगे कहा कि क्या हम ग्रामीण भारत छोड़कर पाकिस्तान चले जाए, कहा आने वाली पीढ़ी कहा जाएगी, नए नए संसोधन जटिलता बढ़ने से परेशानी हो रही है। पेयजल योजनाओं को 20 साल आगे के लिए बनाया जाना जरुरी है। हरिनगर में मोटर मार्ग 2012 से आज तक नही बन पाए है। डामरीकरण नही होने से ग्रामीण परेशान है। निविदा टेंडर निकले लेकिन आज तक कहा गए कुछ पता नही चला। गेराडी मोटर मार्ग का विस्तारीकरण कर रेकुड़ी पनेरा तोक को भी मार्ग से जोड़ा जाए। प्राथमिक विद्यालय में 65 बच्चे है। लेकिन एक शिक्षक कार्यलय के काम और पढा भी रहा है। जिससे बच्चों का भविष्य अँधाकर में है। दो शिक्षकों की जल्द जरूरत है। ग्रामीणों को 25 प्रतिशत हक अकूक की लकड़ी दी जाए। जिससे लोग घर बना सके। दो आंगनबाड़ी केंद्र तिमला, या एक मिली आंगनबाड़ी खोला जाए।

हरिनगर सीएचसी में वर्षो से आंगनबाड़ी चल रहा है। अन्य जगह इसका निर्माण कराए। तार पेड़ो में बंधे है आज भी यह पेड़ो में बंधे है इन्हें जल्द पोलो में बांधा जाए। आवास विहीन परिवारों का सर्वे कराकर पीएम आवास योजना से जोड़ा जाए। कहा कि गाँव मे 90 फीसदी परिवार मजदूर है।

### सनातन गौरव उत्सव में टपकेश्वर में विशेष पूजा उत्सव

**संवाददाता** देहरादून। सनातन गौरव उत्सव के क्रम में बुधवार को श्री राम दरबार माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव में विशेष आरती का आयोजन किया गया। मंदिर संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने सभी सनातन धर्मालंबियों से भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को हर्षोल्लास से मनाने का आह्वान किया है। 22 जनवरी को जगह–जगह सुंदरकांड पाठ, अखंड रामायण, भजन कीर्तन तो हों ही साथ ही जोश के साथ होश और संयम भी बनाएं रखना जरुरी है ताकि आसामाजिक तत्वों को किसी भी प्रकार से इस दिव्य उत्सव में विघ्न डालने का अवसर न मिले। आचार्य जोशी ने बताया कि माता वैष्णों देवी गुफा मंदिर में राम दरबार की स्थापना का सुअवसर उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को मिला था। उन्होंने सीएम रहते अपने वेतन भत्ते से पचास हजार की धनराशि देकर इस दरबार की स्थापना कराई।

*मजबूरियां हमे हमेशा मजबूत बनाती है, और परेशानियां जीवन जीना सिखाती हैं !–अज्ञात।*






पेज थ्री

www.page3news.in


# कांग्रेस की सोच

**इस बार कांग्रेस ने पहले से ही साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत के समय ही सभी विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं।**

अनिल शर्मा।।

इस चुनावी साल में देश का माहौल अपने अनुकूल बनाने की कोशिश के तौर पर जहां सत्तारूढ़ बीजेपी अयोध्या में राममंदिर से जुड़ी गतिविधियों पर अधिक से अधिक जोर दे रही है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एलान कर दिया।

पिछले साल की भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी से प्रेरित कांग्रेस इस यात्रा को थोड़ा अलग रखते हुए भी चाहती है कि लोग इसे उसी यात्रा की अगली कड़ी के रूप में देखें। इसलिए भले ही लोकसभा चुनावों के मद्देनजर वक्त की कमी का हवाला देते हुए इसे हाइब्रिड मोड में रखा गया है, यानी यात्रा का बड़ा हिस्सा बस में तय होगा और बीच–बीच में पैदल मार्च भी किया जाएगा, लेकिन भारत न्याय यात्रा नाम घोषित कर देने के बाद उसे बदलकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा किया गया तो इसके पीछे मकसद यही है कि भारत जोड़ो का संदर्भ कमजोर न पड़ जाए।



यात्रा की शुरुआत हिंसा पीड़ित मणिपुर से करना अपने आप में एक बड़ा संदेश है जो कांग्रेस अधिक से अधिक प्रचारित करना चाहेगी। इसके साथ ही यात्रा के केंद्र में न्याय को रखना बताता है कि कांग्रेस इसके जरिए न सिर्फ संवैधानिक मूल्यों पर जोर देना चाहती है बल्कि यह दिखाना चाहती है कि सत्तारूढ़ पक्ष एक धर्म, एक पंथ, एक संस्कृति और एक नेता पर जोर देते हुए भारत की उस मूल दृष्टि को नुकसान पहुंचा रहा है, जो सबके साथ न्याय और सबके साथ उदारता की बदौलत भारत की बहुलता की रक्षा करती रही है।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तालमेल में कमी के चलते कई जगह क्षेत्रीय विपक्षी पार्टियों के नेता उससे दूरी बरतते देखे गए थे। इस बार कांग्रेस ने पहले से ही साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत के समय ही सभी विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं। जहां तक इस यात्रा के प्रभावों का सवाल है तो निश्चित रूप से मौजूदा माहौल में इसकी सबसे बड़ी कसौटी आगामी लोकसभा चुनाव को ही माना जाएगा। पिछली भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव से देखें तो उसने राहुल गांधी के पक्ष में थोडा माहौल बनाया, उन्हें एक गंभीर नेता की छवि भी दी, लेकिन चुनावी कसौटियों पर उसका असर मिला–जुला ही रहा। चुनाव में वैसे भी बहुत से कारक होते हैं। यह दूसरी यात्रा अगर कांग्रेस और विपक्षी दलों के पक्ष में माहौल बनाती है तो निश्चित रूप से उनके लिए यह एक अच्छी बात होगी, लेकिन चुनावों में इसका वे कितना फायदा उठा पाते हैं, यह उनकी तैयारी के दूसरे पक्षों पर निर्भर करेगा।

## कुशलता



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** केसरी को जब शंखबल नामक हाथी के इस उत्पात का पता लगा तो वह आश्रम तथा आश्रम वासियों की रक्षा के लिए तत्काल वहां आए और शंखबल को बड़ी कुशलता से घेर कर उसके दोनों दांतों को पकड़ कर उखाड़ दिया। पीड़ा से चिंघाड़ता हुआ वह हाथी वहीं धराशायी हो गया और मर गया। आश्रम की रक्षा के लिए उनके अचानक पहुंचने तथा हाथी को मार कर आश्रम वासियों को निर्भय कर देने वाले केसरी का ऐसा बल देख कर ऋषि–मुनि बहुत प्रसन्न हुए और केसरी के पास आकर आशीर्वाद देते हुए कहा, ''वानर राज केसरी! जिस प्रकार तुमने आज हम सबकी तथा आश्रम की रक्षा की, इसी प्रकार भविष्य में तुम्हारा होने वाला पुत्र पवन जैसे वेग वाला होगा तथा रुद्र जैसा महान बलशाली होगा। तुम्हारे बल तेज के साथ–साथ उसमें पवन तथा रुद्र का तेज भी व्याप्त रहेगा।''

## संपादकीय

### साझेदारी आगे बढ़ेगी

भारत ने जो विकास की साझेदारी की। चाहे वह सुरक्षा, आर्थिक या राजनीतिक क्षेत्र में हो, उनसे दक्षिणी एशिया में शांति और स्थायित्व आया। साथ ही, निवेश के मौके बढ़े और बांग्लादेश इस क्षेत्र की मजबूत अर्थव्यवस्था बना है। निश्चित रूप से शेख हसीना के फिर से सत्ता में आने के बाद भारत–बांग्लादेश की साझेदारी आगे बढ़ती रहेगी। यह समूचे दक्षिण एशिया के लिए एक अच्छा संकेत है। चूंकि लोकतंत्र और मानवाधिकारों की बात पर विपक्ष और कुछ पश्चिमी ताकतें, जिसमें अमेरिका और वेस्टर्न यूरोपियन देश हैं, खुश नहीं थीं। उन्होंने कहा कि फ्री एंड फेयर इलेक्शन होने चाहिए। इसलिए अमेरिका ने कई तरीके के सैंक्शस लगाने की कोशिश की। लेकिन इस चुनाव में जिस तरीके से लगभग 41.8 फीसदी वोटिंग हुई, विपक्ष के साथ–साथ निर्दलीय भी जीते, अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक, यूरोपियन यूनियन के फॉर्मर पार्लियामेंट्री भी इसे फ्री एंड फेयर बता रहे हैं। इन चुनाव परिणामों के बाद शेख हसीना की न केवल घरेलू राजनीति पर भी पकड़ मजबूत होगी, साथ ही अंतराराष्ट्रीय समुदाय भी उन पर भरोसा जताएगा।

2024 में शेख हसीना कुल मिलाकर पांचवीं बार और 2008 के बाद से लगातार चौथी बार पीएम बनी हैं। उनकी आर्थिक नीतियां बेहद कामयाब रही हैं।

# हसीना पर भरोसा

संजय के भारद्वाज।।

बांग्लादेश चुनाव के नतीजे सोमवार को आए, जिसमें शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को फिर से बहुमत मिला। 7 जनवरी को हुए 12वें संसदीय चुनाव में सत्तारूढ़ राजनीतिक दल अवामी लीग के साथ–साथ 27 राजनीतिक दलों ने भागीदारी की। बांग्लादेश में लगभग 44 रजिस्टर्ड पार्टियां हैं, जिनमें से 17 दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। बहिष्कार करने वालों में मुख्य रूप से बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के साथ–साथ कुछ इस्लामिक–वामपंथी दल भी शामिल थे।

बॉयकॉट का मुख्य अजेंडा था कि वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने पद से इस्तीफा दें। चुनाव केयरटेकर सरकार बनाकर करवाए जाएं। इन्हें शक था कि सत्तारूढ़ दल के नेतृत्व में चुनाव न तो फेयर होगा, न ही उसका कोई अर्थ होगा। सत्तारूढ़ अवामी लीग इस मांग को नहीं मान रही थी। इससे पहले बांग्लादेश में चुनाव निष्पक्ष नॉन पार्टीजन केयरटेकर सरकार के जरिए हुए थे, लेकिन उनका इतिहास अलग था। 1975 में बंगबंधु मुजीबुर्रहमान की हत्या के बाद 1990 तक बांग्लादेश में सैनिक तानाशाही रही। पहले जिया उर रहमान राष्ट्रपति रहे, फिर भ्ड इरशाद। 1990 में जामदानी आंदोलन में इरशाद के पद छोड़ने के बाद पांचवीं संसद में



केयरटेकर सरकार के मुखिया शहाबुद्दीन अहमद बने। उस चुनाव में बीएनपी को बहुमत मिलना लाजमी था, क्योंकि उसे सैन्य शासन ने स्थापित किया था। बीएनपी का अपना रेकॉर्ड अच्छा नहीं रहा। 1994 में मगूरा में हुए उपचुनाव में उसने फर्जीवाड़ा करके अपना उम्मीदवार जिताया। यह देखकर अवामी लीग ने कहा कि संसद का आगामी चुनाव न्यूट्रल केयरटेकर सरकार के जरिए होना चाहिए। बीएपनपी इससे सहमत नहीं थी, तो छठे संसदीय चुनाव में अवामी लीग ने हिस्सा नहीं लिया। तब संविधान में 58बी एक क्लॉज जोड़ा गया, जिसमें केयरटेकर सरकार की व्यवस्था की गई।

सातवां संसदीय चुनाव न्यूट्रल केयरटेकर सरकार के जरिए हुआ, अवामी लीग सत्ता में आई। इसके बाद चुनाव हुआ 2001 में, उसमें फिर ठछच वापस सत्ता में लौटी। बीएनपी का शासन खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान चलाते थे। उस वक्त उनके चलते बांग्लादेश में हर तरीके की सामाजिक बुराइयां पनपीं।

2006 में 9वें संसदीय चुनाव से पहले बीएनपी ने केयरटेकर सरकार के संस्थानों से भी खिलवाड़ करने की कोशिश की। उसने दो साल पहले रिटायर होने वाले आखिरी रिटायर्ड चीफ जस्टिस को केयरटेकर गवर्नमेंट का चीफ अडवाइजर बनाने के लिए संविधान में संशोधन किया और जजों की रिटायरमेंट की उम्र दो साल बढ़ा दी। ठछच ने मुख्य चुनाव आयुक्त भी अपना समर्थक नियुक्त कर दिया और वोटर लिस्ट में लगभग डेढ़ करोड़ फर्जी नाम भी जोड़ दिए गए। इस पर अवामी लीग और बीएनपी में काफी नोकझोंक हुई। अंत में सेना की केयरटेकर सरकार बनी और बांग्लादेश बैंक के रिटायर्ड गवर्नर फखरुद्दीन अहमद को सत्ता दी गई। उन्हें तीन महीने में चुनाव कराना था, लेकिन इसमें दो साल लग गए। 2008 में संसदीय चुनाव हुआ, जिसमें शेख हसीना की पार्टी ने क्लीन स्वीप किया।

2024 में शेख हसीना कुल मिलाकर पांचवीं बार और 2008 के बाद से लगातार चौथी बार पीएम बनी हैं। उनकी आर्थिक नीतियां बेहद कामयाब रही हैं। इसलिए उन्हें जनता का समर्थन मिला। बांग्लादेश गरीब देश था। आज एक लीडिंग डिवेलपिंग देश की श्रेणी में है।

### सूडोकू नवताल-5319

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### विदेश नीति

**मोहन।** शेख हसीना ने बहुत ही बैलेंस्ड और स्वतंत्र विदेश नीति अपनाई। भारत के साथ अच्छी साझेदारी की। चीन के साथ भी रिश्ते मजबूत किए। उन्हीं के शासन में बांग्लादेश में पोदा ब्रिज बना, कर्णपुरी टनल बनी। भारत ने वहां रामपाल थर्मल पावर प्रॉजेक्ट का निर्माण किया, खुलना से मोंगला के बीच रेल कनेक्टिविटी स्थापित की। इन्हें देखते हुए बांग्लादेश की जनता ने हमेशा से शेख हसीना पर कॉन्फिडेंस दिखाया है। इस चुनाव में 222 सीटें अवामी लीग ने जीती हैं। लगभग 62 सीटें निर्दलीय जीते हैं। वहीं बीएनपी के इससे दूर रहने से उसकी लोकतांत्रिक विश्वसनीयता तो खत्म ही हुई, साथ ही सिविल सोसाइटी के लोग भी काफी खिन्न हुए हैं। शेख हसीना की अवामी लीग 1949 में बनी थी। देश की आजादी में इस पार्टी ने सक्रिय भूमिका निभाई है। बांग्लादेश की जनता और संस्कृति से इसका जुड़ाव है। भारत भी ऐसी ही ताकतों को समर्थन देता है।






## 12वीं फेल देख विक्रांत मैसी और मेधा शंकर की फैन हुईं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट के सिर इस वक्त श12वीं फेलश का जादू चढ़ गया है। एक्ट्रेस ने हाल ही यह फिल्म व्ज पर देखी, और फैन हो गईं। आलिया के मुताबिक, उन्होंने लंबे अरसे में अब जाकर एक खूबसूरत फिल्म देखी है। आलिया ने विक्रांत मैसी और मेधा शंकर की भी तारीफ की। बता दें कि 12वीं फेल को 29 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया गया था। जब से 12वीं फेल ओटीटी पर रिलीज हुई है, तबसे हर कोई इसकी तारीफ करते नहीं थक रहा है। 27 अक्टूबर 2023 को जब विधु विनोद चोपड़ा की यह फिल्म थिएटर्स में रिलीज हुई थी, तब इसने जो कमाल दिखाया था, उससे चार गुना कमाल व्ज पर रिलीज होने के बाद दिखा रही है। फिल्म के साथ–साथ विक्रांत मैसी और मेधा शंकर की जबरदस्त तारीफ हो रही है। 12वीं फेल में विक्रांत मैसी ने रियल लाइफ के आईपीएस अफसर मनोज कुमार का किरदार निभाया और मेधा शंकर उनकी पत्नी और आईआरएस अफसर श्रद्धा के रोल में नजर आईं। फिल्म में मनोज कुमार की गरीबी के जाल से निकलकर आईपीएस अफसर बनने के सफर को दिखाया गया। आलिया भट्ट ने 12वीं फेल देखने के बाद इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, इसमें उन्होंने बताया कि फिल्म कैसी लगी और उन्होंने कैसा महसूस किया।

## अंकिता की हालत पर पसीजा सुशांत सिंह राजपूत की बहन का दिल

पवित्र रिश्ता फेम अंकिता लोखंडे पिछले दो–ढाई महीने से शबिग बॉस 17श में कैद हैं। यहां उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर आए दिन कुछ–न–कुछ ऐसा होता है, जिसकी चर्चा बाहर होने लगती है। बीते कुछ दिनों से उनके और विक्की जैन के बीच खटपट चल रही है। इससे वह बुरी तरह टूट गई हैं। लगातार वह शो में सुशांत को भी याद करती रहती हैं। उनसे जुड़ी बातें भी बताकर इमोशनल हो जाती हैं। इन सबके बीच अंकिता को सुशांत की बहन श्वेता और दोस्त अली गोनी का सपोर्ट मिला है। दरअसल, विक्की जैन को लेकर अंकिता लोखंडे कुछ ज्यादा पजेसिव हैं। इस बात का जिक्र वह कई बार कर चुकी हैं। वह विक्की जैन से इस बात पर झगड़ा भी कर चुकी हैं कि वह उनको समय नहीं देते। दूसरों के साथ बैठते हैं। इतना ही नहीं, इनकी सास ने भी आकर जो घर में और बाहर इंटरव्यूज में कुछ स्टेमेंट्स दिए हैं, उससे न सिर्फ करण जौहर का, बल्कि उनके दोस्त और सुशांत सिंह राजपूत की बहन सपोर्ट दिखा रही हैं।

## 12वीं पास हो गई है रानी भारती, अब नाक में दम करेंगी हुमा कुरैशी



साल 2021 में एक वेब सीरीज आई थी महारानी। इसमें हुमा कुरैशी सोहुम शाह, अमित सियाल सहित कई स्टार्स ने दमदार एक्टिंग की थी। अब इस वेब सीरीज का तीसरा सीजन आने वाला है, जिसका आज 16 जनवरी को टीजर रिलीज कर दिया गया है। जो रानी भारती पहले चौथी पास थी और सबके नाक में दम कर दिया था, अब वो 12वीं पास हो गई है। आइये देखते हैं इस का दमदार टीजर। ये पॉलिटिकल सीरीज आंशिक रूप से 1990 के दशक में बिहार में हुई कई घटनाओं से प्रेरित है, जब लालू प्रसाद यादव ने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को अपना उत्तराधिकारी बनाया था। महारानी 3 के टीजर में दिखाया गया है कि नवीन कुमार पूछते हैं कि हलवा किसलिए बंट रहा है, इस पर पास में मौजूद पुलिसकर्मी बताती हैं कि रानी भारती ने 12वीं पास कर लिया है, इसलिए वो बंटवा रही हैं। ये सुनकर नवीन हलवा नहीं खाते हैं। फिर हुमा को दिखाया जाता है, जिनके हाथों में बेड़ियां और हाथ में किताब है। वो पुलिस की वैन से बाहर निकल रही हैं और सामने मौजूद लोगों का हाथ जोड़कर आभार जता रही हैं। इसका डायलॉग ही इतना दमदार है, हम चौथी फेल थे तो आप सबकी नाक में दम कर दिए थे, ग्रेजुएट हो जाएंगे, का होगा आप सबका।

# अनुष्का और विराट को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता




अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का दिन एकदम नजदीक है। 22 जनवरी को अयोध्या में इस मौके पर बड़ा समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए खेल जगत से लेकर बॉलीवुड और बिजनेस तक, हर फील्ड की बड़ी हस्तियों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है। कई बॉलीवुड स्टार्स को भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समारोह का निमंत्रण भेजा गया। अब लिस्ट में अनुष्का शर्मा और उनके पति विराट कोहली का भी नाम शामिल हो गया है।

**एक्ट्रेस का अयोध्या से कनेक्शन**

अनुष्का शर्मा–विराट कोहली को भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता मिला है। एक्स पर इसकी चर्चा हो रही है, और अनुष्का–विराट की तस्वीर भी वायरल हो रही है। इसमें दोनों हाथ में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र नजर आ रहा है।

**अयोध्या में पैदा हुईं अनुष्का, डोगरा रेजीमेंट में रहे पापा**

बता दें कि अनुष्का का भगवान राम की नगरी अयोध्या से बहुत ही स्पेशल कनेक्शन है। उनका जन्म एक मई 1988 को अयोध्या में ही हुआ था। बाद में करियर बनाने के लिए वह मुंबई शिफ्ट हो गई थीं। अनुष्का का जन्म अयोध्या के मिलिट्री अस्पताल में हुआ था। उनके पापा अजय कुमार शर्मा अयोध्या में इंडियन आर्मी की डोगरा रेजिमेंट में थे।



**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में इन सेलेब्स को न्योता**

बात करें अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की, तो इसकी लंबे समय से तैयारियां चल रही थीं। करीब 8 हजार लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। श्रीराम मंदिर के पूजित अक्षत और चावलों को देशभर के कोने–कोने में वितरित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रजनीकांत, मोहनलाल और अमिताभ बच्चन से लेकर रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, राम चरण और उनकी पत्नी उपासना, अरुण गोविल, सुनील लहरी और दीपिका चिखलिया के अलावा अनुपम खेर को भी न्योता दिया गया है।

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू, धोया गया मंदिर**

अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी तो अयोध्या भी पहुंच चुके हैं। वहीं अब राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले राम मंदिर को सरयू नदी के जल से धोया गया।

# केजीएफ स्टार यश ने घर की छत पर पत्नी और बच्चों के साथ उड़ाई पतंग

*देशभर में मकर संक्रांति का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिलेब्रिटीज ने भी इसे धूमधाम से मनाया। केजीएफ से पैन इंडिया स्टार बने यश ने भी इसे परिवार के साथ मनाया। यश इन दिनों अपनी नई फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में बिजी हैं। लेकिन उन्होंने अपने बिजी शेड्यूल से वक्त निकाला, और पत्नी व बच्चों के साथ मकर संक्रांति मनाई। इस मौके पर वह घर की छत पर पत्नी राधिका पंडित और बच्चों के साथ पतंग उड़ाते दिखे।*



राधिका पंडित ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वे अपने घर की छत पर हैं और पतंग उड़ाने में मशगूल हैं। साथ में पत्नी और बच्चे भी हैं। वो सभी बेहद खुश नजर आ रहे थे, और खूब इंजॉय किया। राधिका पंडित ने ये तस्वीरें शेयर कर फैंस को मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू, उत्तरायण और भोगी की शुभकामनाएं दीं।

**यश ने 2023 में गांव में मनाई थी मकर संक्रांति**

वहीं पिछले साल यश ने मकर संक्रांति का त्योहार पत्नी और बच्चों के अलावा पैरेंट्स के साथ मनाया था। तब वह अपने गांव में ट्रैक्टर चलाते और पूजा करते नजर आए थे।

**यश के बर्थडे पर फैंस की दर्दनाक मौत, आहत थे एक्टर**

कुछ दिन पहले ही यश तब चर्चा में आए थे, जब उनके बर्थडे पर एक अनहोनी घटना घटी, और उसमें तीन फैंस ने जान गंवा दी। इसके बाद एक फैन की तब मौत हो गई, जब वह एक्टर के काफिले का बाइक से पीछा कर रहा था। यह सब देख यश बुरी तरह आहत हो गए थे। वह मृतकों के परिवारों से भी मिले थे, और आर्थिक मदद का वादा किया था। साथ ही यश ने फैंस से गुजारिश की थी, तो वो उनके बर्थडे पर ऐसा कुछ न करें, और जहां, जिस स्थिति में हैं, वहीं से बर्थडे विश करें।

**यश की नई फिल्म श्टॉक्सिकश, उसकी रिलीज डेट**

वहीं बात करें, यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक की, तो यह 2025 में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म ड्रग्स माफिया और उसके फैले जाल पर आधारित है। फिल्म को मलयालम फिल्म प्रड्यूसर गीतू मोहनदास डायरेक्ट कर रही हैं।

# मेंटली स्ट्रांग लोगों में होती है ये आदतें, अलग दिखते हैं ये लोग

*जिंदगी में उतार–चढ़ाव लगे रहते हैं। सुख–दुख का आना–जाना हर किसी की जिंदगी में लगा रहता है। लेकिन आप इनका सामना कैसे करते हैं, ये बहुत मायने रखता है। इसके लिए दिमागी रूप से मजबूत होना जरूरी होता है। कुछ लोग मुसीबतों का के देख घबरा जाते हैं। वहीं, कुछ लोग डट कर सामना कर लेते हैं। आमतौर पर इसे मजबूत लोगों की निशानी माना जाता है। इस लेख में हम मेंटली स्ट्रांग लोगों की 5 खासियत के बारे में बताएंगे, जो इन्हें भीड़ से अलग करती हैं।*



**परिस्थिति के अनुसार ढल जाना**

मेंटली स्ट्रांग लोग काफी फ्लैक्सिबल यानी लचीले स्वभाव के होते हैं। इनमें एक सबसे अच्छी आदत होती है कि ये सिचुएशन के अनुसार खुद को ढाल लेते हैं। ये किसी से शिकायत नहीं करते और न ही किसी कार्य के पूरे न होने पर मन में मलाल रखते। ये कोई कार्य ठीक न होने पर बहाने बनाने पर भरोसा नहीं रखते। ये हर परिस्थिती को स्वीकार कर उसी अनुसार खुद को ढालते हैं और आगे बढ़ जाते हैं।

**किसी कार्य को लेकर ज्यादा स्ट्रेस नहीं लेते**

किसी कार्य के न होने पर कुछ लोग जरूरत से ज्यादा उसके बारे में सोचने लगते हैं। इसे लेकर फिर उन्हें स्ट्रेस होने लगता है। जो लोग मानसिक रूप से स्ट्रांग होते हैं, वे हर चीज को प्रेक्टिकल लेकर सोचते हैं। कोई कार्य संभव नहीं है, तो उसके बारे में सोचकर अपना समय बर्बाद नहीं करते हैं। उन्हें मालूम होता है कि किसी स्थिति के बारे में बार–बार सोचने से वह कार्य पूरा नहीं होगा और इससे सिर्फ समय की बर्बादी होगी।

**दूसरे पर गलती नहीं डालते**

जो लोग मानसिक रूप से मजबूत होते हैं वे अपनी गलती को बिना झिझक के स्वीकार करते हैं। ये अपने बिहेवियर व कार्य को लेकर खुद को जिम्मेदार मानते हैं। कभी भी किसी दूसरे पर दोष डालना, इनके स्वभाव में नहीं होता है।

**रिस्क लेने से नहीं घबराते**

जिंदगी में हर कोई रिस्क नहीं ले पाता। फिर बात चाहे करियर की हो या जिंदगी में किसी बड़े बदलाव की,मेंटली स्ट्रांग लोग हर परिस्थिति से लाइफ में आगे बढ़ने पर यकीन रखते हैं। ये हर बदलाव को हंस कर स्वीकारने पर भरोसा रखते हैं।

**मन में शिकायत नहीं रखते**

जिंदगी बहुत छोटी है। कभी किसी के प्रति मन में गुस्सा या द्वेष नहीं रखना चाहिए। मानसिक रूप से मजबूत लोग में एक खास बात ये होती है कि ये अपने मन में किसी के लिए कोई शिकायत नहीं रखते हैं। ये अच्छे से जानते हैं कि जिंदगी में किसी को क्षमा करने से बढ़कर कुछ नहीं है।



## कान में जमा मैल हटाने के लिए ये घरेलू उपचार हैं बहुत काम के

कान में मैल जमने की समस्या आम है, लेकिन कुछ लोगों में यह बहुत दिक्कत और परेशानी की वजह बन जाती है। यदि लंबे समय तक कान में जमे मैल को साफ न किया जाए तो यह कई सुनने में समस्या भी पैदा कर सकती है और कुछ लोगों जमे सख्त मैल के कारण दर्द भी बहुत होता है। वैसे तो कान में मैल की समस्या के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन सर्दियों में यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है। तो ऐसे में कुछ घरेलू उपचार आपके काफी काम आ सकते हैं। जो कान में जमी मैल को साफ कर सकते हैं। लेकिन गंभीर मामलों में आपको डॉक्टर की ही सलाह लेनी चाहिए। ये घरेलू उपाय आम कान के मैल की समस्या के लिए है। सरसों का तेल कान के लिए फायदेमंद होता है। एक कटोरी में थोड़ा सा सरसों का तेल हल्का गरम करें और उसकी कुछ बूंदे कान में डालें। थोड़ी देर के लिए उसे वैसी ही स्थिति में रखें। इससे कान का मैल नर्म हो जाएगा और बाहर की तरफ आने लगेगा। इसे साफ करना आसान हो सकता है। ग्लिसरीन का उपयोग भी कान का मैल हटाने के लिए अच्छा होता है। यह भी तेल की तरह ही काम करता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक साफ बोतल में ग्लिसरीन लें और उसकी कुछ बूंदें कान में डालें।इसके बाद कुछ समय तक रखें ताकि ग्लिसरीन कान के मैल को नरम कर सके। इसके बाद मैल साफ कर लें।

## दिया मिर्जा की एक–एक सलाह में है सोने जितना वजन

एक्ट्रेस का फिटनेस रूटीन फैन्स को हमेशा से ही इंस्पायर करता रहा है। हाल ही में सिलेब्रिटी हेल्थ कोच शिवांगी देसाई के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी सेहत और खूबसूरती का राज बताया है। उनकी यह वीडियो हेल्थ कोच ने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। फिटनेस को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि–मेरे लिए खूबसूरती का मतलब स्वस्थ रहना है। जब आप भरपूर मात्रा में न्यूट्रिशन लेते हैं और मानसिक स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखते हैं, तो फिटनेस में सुधार होना तय है। दीया मिर्जा ने बताया कि मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है मेंटल हेल्थ। फिजिकली एक्टिव रहने से आप मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। इसलिए हर किसी को एक्टिव लाइफस्टाइल फॉलो करनी चाहिए। रेगुलर एक्सरसाइज करने से आपको फिजिकली फिट और एक्टिव रहने में बहुत हेल्प मिलेगी। फिट रहना है, तो एक ही जगह पर ज्यादा देर तक बैठने से बचें। अगर काम भी कर रहे हैं, तो बीच–बीच में ब्रेक लेते रहें और चलते–फिरते रहें। इससे बॉडी में एक्टिवनेस बनी रहती है। यह आपको स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा तरीका है।

# खांसी के साथ बंद गला है आने वाली आफत की पहचान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*खांसी एक पहचान है कि शरीर में कोई बाहरी खतरनाक तत्व घुस आया है। इसकी वजह से इंफ्लामेशन, इरिटेशन और इंफेक्शन हो सकता है। जब यह बाहरी तत्व रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट में घुसता है तो गले में मौजूद रिसेप्टर्स खांसी में मदद करते हैं। बाहरी तत्व निकालने के लिए यह शरीर का नेचुरल प्रोसेस है। रिपोर्ट के मुताबिक जब कोई व्यक्ति खांसता है तो फेफड़े काफी आक्रामक और तेजी से हवा छोड़ते हैं। कई बार यह गति 100 माइल्स प्रति घंटा हो सकती है ताकि ट्रैक्ट की रुकावट को बाहर फेंका जा सके। खांसी के कई कारण हो सकते हैं जिसमें कुछ काफी खतरनाक भी साबित हो सकते हैं। इस आर्टिकल में कुछ लक्षणों के बारे में बताया गया है जो अगर खांसी के साथ दिख रहे हैं तो यह किसी बड़ी बीमारी की पहचान हो सकती है। इन्हें गलती से भी इग्नोर ना करें और तुरंत डॉक्टर को जाकर दिखाएं।*



**इन लक्षणों पर रखें नजर**

वैसे तो खांसी एक आम समस्या है जो अक्सर अपने आप ठीक हो जाती है। मगर कई बार यह क्रॉनिक कंडीशन का लक्षण हो सकती है जिसके लिए डॉक्टरी इलाज आवश्यक हो। अगर आपको खांसी के साथ बंद गला, अलग–अलग रंग का बलगम, सीने में दर्द, सांस फूलना जैसी दिक्कत हो रही है तो इसे नजरअंदाज ना करें।

**खांसी के साथ अलग रंग का बलगम आना**

रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट के अंदर मौजूद सेल्स बलगम बनाती हैं। अगर आपके बलगम का रंग पीला, हरा या टैन है तो इसका मतलब की इसमें व्हाइट ब्लड सेल्स मौजूद हैं। ये सेल्स इंफेक्शन से लड़ने का काम करती है। अगर आपको हफ्ते भर से ज्यादा ऐसा बलगम आ रहा है तो यह निमोनिया का लक्षण हो सकता है। इसके साथ



गुलाबी या झागदार बलगम हार्ट फेलियर या पल्मोनरी एडीमा बता सकता है। यह जानकारी गुरुग्राम स्थित पारस हेल्थ के इंटरनल मेडिसिन के एचओडी डॉ. आरआर दत्ता ने दी।

**खांसी में खून आना**

खांसी के साथ खून आने के कई कारण हो सकते हैं। जिसमें लंग कैंसर से लेकर अस्थमा, ब्रोंकियाक्टेसिस, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, ब्रोंकाइटिस शामिल हैं। असली कारण जानने के लिए आपको डॉक्टरी मदद और टेस्ट करवाने पड़ेंगे।

**सांस लेने में दिक्कत**


अगर खांसी के साथ सांस लेते हुए आवाज आना या सांस फूल रहा है तो यह एसिड रिफ्लक्स, अस्थमा या एलर्जिक रिएक्शन हो सकती है। ऐसी स्थिति में आपको तुरंत मेडिकल हेल्प लेनी चाहिए ताकि इंफेक्शन को तुरंत पकड़ा जा सके। सांस की गंभीर दिक्कत और गला बंद होने के एहसास को बिल्कुल भी नजरअंदाज ना करें।

**2 हफ्ते से ज्यादा खांसी**

किसी मरीज को 2 से 4 हफ्ते तक खांसी हो रही है तो उसे तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए। क्योंकि यह किसी इंफेक्शन के बाद या पोस्टनेजल ड्रिप की स्थिति हो सकती है।

## बस 2 बूंद तेल नाक में डालो और बीमारियों का नाश





आयुर्वेद में विभिन्न रोगों के लिए कई तरीके के उपचार आजमाए जाते हैं जिनमें एक नस्य (छेंल) भी है। आयुर्वेद में इलाज का यह तरीका ऑटो–इम्यून डिसऑर्डर में भी बहुत मदद करता है। यह तकनीक ऑटो इम्यून थायराइड, रुमेटीइड आर्थराइटिस, मल्टीपल स्केलेरोसिस आदि से पीड़ित लोगों के लिए अद्भुत काम करती है। आयुर्वेद डॉक्टर दीक्षा भावसार के अनुसार, अणु तेल एक आयुर्वेदिक तेल है जिसका उपयोग हर कोई गाय के घी के अलावा नस्य तकनीक के लिए कर सकता है लेकिन हमेशा डॉक्टर की सलाह पर। चलिए जानते हैं कि नस्य तकनीक क्या है, इसके क्या फायदे हैं और इसे कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप ऐसे व्यक्ति हैं जो हमेशा तनावग्रस्त (मानसिक रूप से आराम करने में कठिनाई) महसूस करते हैं, बार–बार सिरदर्द होता है, शरीर में अत्यधिक गर्मी होती है, चीजों को ध्यान से करने में कठिनाई होती है, बालों की समस्या होती है, दृष्टि कमजोर होती है, सुनने में दिक्कत होती है, अनिद्रा या नींद की समस्या है, तो आप इस क्रिया को अपना सकते हैं। डॉक्टर का मानना है कि सोते समय दोनों नाक में गाय के घी की केवल 2 बूंदें डालने का प्रयास करें। घी तरल रूप में, गुनगुना होना चाहिए। आप रुई, ड्रॉपर या अपनी छोटी उंगली की मदद से घी डा सकते हैं।

## मां बनने के बाद अच्छी नहीं रही एंजेलिक कर्बर की वापसी



समय और खेल की आवश्यकता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। एक घंटे और 52 मिनट की कड़ी चुनौती के बाद जर्मनी की टेनिस आइकन एंजेलिक कर्बर का ऑस्ट्रेलियन ओपन का रोमांच खत्म हो गया। इस साल के पहले दौर में डेनिएल कोलिन्स के खिलाफ 2-6, 6-3, 1-6 की हार के साथ एंजेलिक का सफर ऑस्ट्रेलियन ओपन में खत्म हो गया। बड़े मंच पर बेटी लियाना के जन्म के बाद एंजेलिक कर्बर की वापसी अच्छी नहीं रही। 2016 ऑस्ट्रेलियन ओपन, यूएस ओपन और 2018 विंबलडन विजेता एंजेलिक कर्बर, मेलबर्न में मुख्य ड्रॉ में उस ग्रुप में शामिल हुईं जहां अन्य आठ खिलाड़ी भी मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट में लौटी हैं। पिछले साल 23 फरवरी को अपनी बेटी के जन्म के बाद लौटने से पहले एंजेलिक ने कहा, श्मुझे धैर्य रखने की जरूरत है। इसमें कई हफ्ते या महीने लग सकते हैं। हारने के बाद 35 वर्षीय खिलाड़ी को शायद एक मां के रूप में पेशेवर टेनिस में प्रतिस्पर्धा करने के बारे में अपनी करीबी दोस्त कैरोलिन वोग्नियाकी के साथ हुई चर्चा याद आई। कर्बर ने 18 महीने के ब्रेक के बाद हुए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा, श्जब मैं मैच के बाद होटल लौटती हूं, तो मुझे कोई और होना पड़ता है। यह अच्छा है। यह शायद मेरे करियर की सबसे बड़ी चुनौती है।

ताजा हार के बावजूद पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 के लिए उनकी उम्मीद की किरण जगी हुई हैं। कर्बर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ जर्मन टीम के साथ सिडनी में यूनाइटेड कप में जीत हासिल करने के बाद कहा था, हां थोड़ी चुनौती है लेकिन में टेनिस के लिए एक नया जोश भी महसूस कर रही हूं। मुझे सफलता की ओर लौटने के लिए समय और खेल की आवश्यकता है। यह बिल्कुल नया अनुभव है लेकिन मैं इसे जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# हेजलवुड-कमिंस ने बरपाया गेंद से कहर

क्रिकेट

## ताश के पत्तों की तरह बिखरा वेस्टइंडीज का बैटिंग ऑर्डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एडिलेड में खेले जा रहे ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहले टेस्ट मैच का पहला दिन कंगारू तेज गेंदबाजों के नाम रहा। पहली पारी में वेस्टइंडीज का बैटिंग ऑर्डर बुरी तरह से फ्लॉप रहा और पूरी टीम महज 188 रन बनाकर सिमट गई। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने कहर बरपाते हुए मिलकर आठ विकेट अपने नाम किए। दमदार गेंदबाजी के बाद मेजबान ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी बैटिंग में अच्छी नहीं रही और उसने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 59 रन बनाए थे। वह अभी वेस्टइंडीज से 129 रन पीछे है।

डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद पारी का आगाज करने के लिए उतरे स्टीव स्मिथ (12) अपनी नई



भूमिका में सफल नहीं रहे। उन्होंने शमार जोसेफ की गेंद पर तीसरी स्लिप में कैच दिया। जोसेफ ने इस तरह से टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली गेंद पर विकेट लेने का कारनामा किया। इस 24 साल के तेज गेंदबाज ने इसके बाद मार्नस लाबुशेन (10) को भी पवेलियन भेजा। उन्होंने अब तक 18 रन देकर दो विकेट लिए हैं।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को टीम के तेज गेंदबाजों ने जोरदार शुरुआत दी। कप्तान पैट कमिंस ने टी चंद्रपॉल को महज 6 रन के स्कोर पर पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद कंगारू कप्तान ने क्रेग ब्रेथवेट को भी 13 रन के स्कोर पर चलता किया। वेस्टइंडीज की ओर से किर्क मैकेंजी एक छोर संभालकर खड़े रहे, पर उनको बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका।

मैकेंजी ने 50 रन की शानदार पारी खेली और वह जोश हेजलवुड का शिकार बने। इसके बाद कैरेबियाई टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 188 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हेजलवुड ने 44 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए, जबकि कमिंस ने 41 रन खर्च करते हुए चार विकेट चटकाए। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में अपने दो बड़े विकेट गंवा दिए हैं। बतौर ओपनर पहली बार टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी करने उतरे स्टीव स्मिथ को 12 रन के स्कोर पर शामर जोसेफ ने चलता किया। वहीं, मार्नस लाबुशेन 10 रन बनाकर चलते बने। उस्मान ख्वाजा 30 और कैमरून ग्रीन 6 रन बनाकर खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम वेस्टइंडीज से अभी 129 रन पीछे है और टीम के आठ विकेट बचे हुए हैं।

# बांग्लादेशी क्रिकेटर पर लगा 2 साल का बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईसीसी ने बांग्लादेशी क्रिकेटर नासिर हुसैन को आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधर संहिता के उल्लंघन के आरोप के बाद क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट से बैन कर दिया गया है। नासिर हुसैन पर सितंबर 2023 में तीन अलग-अलग आरोप लगाए गए थे, जिसे स्वीकार कर लिया है। हुसैन को दो साल के लिए बैन लगाया गया है, जिसमें 6 महीने का निलंबन भी है। आईसीसी ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड की संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी के रूप में नासिर पर ये आरोप लगाए गए।

दरअसल, आईसीसी ने ये कंफर्म किया है कि नासिर हुसैन जिन्होंने आखिरी बार बांग्लादेश के लिए



- आईसीसी के एक नहीं कई नियमों का उल्लंघन करने की मिली सजा

साल 2018 में खेला था, उन्हें 6 अप्रैल 2025 तक क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में खेलने की अनुमति नहीं है। आईसीसी द्वारा अपने बयान में बताए गए तीन आरोप इस प्रकार हैं- पहला संहिता के अनुच्छेद 2.4.3 का उल्लंघन, इसमें वह नामित भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को उस उपहार मिलने का खुलासा नहीं करना (बिना किसी अनावश्यक देरी के) जो उसे पेश किया गया था जिसका दाम काफी ज्यादा था, नए iPhone 12 का उपहार उन्हें मिला गया था।

दूसरा संहिता के अनुच्छेद 2.4.4 का उल्लंघन, जिसमें वह नामित भ्रष्टाचार-विरोधी अधिकारी को नए आईफोन 12 के माध्यम से भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के लिए प्राप्त दृष्टिकोण या निमंत्रण का पूरी डिटेल देने में नाकाम रहे।

तीसरा संहिता के अनुच्छेद 2.4.6 का उल्लंघन, जिसमें वह संहिता के तहत संभावित भ्रष्ट आचरण के संबंध में नामित भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी की जांच में सहयोग करने में, बिना किसी ठोस कारण के अपनी बात रखने में नाकाम रहे। उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया, जो एक तरीके से आईसीसी के नियमों का उल्लंघन करना है।

## फिन एलेन ने उतरा दी हारिस रउफ की खुमारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डुनेडिन। न्यूजीलैंड के ओपनर बल्लेबाज फिन एलेन ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में 62 गेंदों में 137 रनों की रिकॉर्ड-ब्रेकिंग पारी खेलकर सनसनी मचा दी। अपनी बल्लेबाजी के दौरान फिन एलेन ने सबसे अधिक तेज गेंदबाज हारिस रउफ की धुनाई की। हारिस रउफ के ओवर में फिन एलेन ने 27 रन कूट दिए। पारी का छठा ओवर करने आए हारिस के खिलाफ फिन ने पहली गेंद से पिटाई शुरू कर दी। फिन ने पहली गेंद पर बेहतरीन छक्का जड़ दिया। इसके बाद अगली दो गेंद भी उन्होंने बाउंड्री लाइन के पार भेजकर आठ रन बना लिए। लगातार तीन गेंद पर 14 रन खाने के बाद हारिस रउफ पूरी तरह अपने लय से भटक गए और अगली गेंद वाइड फेंक दी, लेकिन वह फिन एलेन से कहां बचने वाले थे। ओवर की चौथी लीगल गेंद फेंकने आए हारिस को फिर से फिन एलेन ने छक्का जड़ दिया। इसकी अगली गेंद का भी उन्होंने यही हाल किया।

## न्यूज डायरी



### बाबर आजम के शॉट से बुरी तरह घायल हुआ फैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान को लगातार तीसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों करारी हार का मुंह देखना पड़ा। बाबर आजम के बल्ले से इस मुकाबले में भी फिफ्टी निकली, लेकिन वह टीम की नैया को पार नहीं लगा सके। 37 गेंदों पर खेली गई 58 रन की पारी के दौरान बाबर ने एक दर्शक को भी बुरी तरह से घायल कर दिया। बाबर के धांसू सिक्स की वजह से फैन दर्द से छटपटाता हुआ नजर आया। दरअसल, बाबर आजम ने लेग साइड की ओर गेंद को खेला और बॉल डायरेक्ट बाउंड्री लाइन के पार पहुंची। हालांकि, बाबर को तो पूरे छह रन मिल गए, लेकिन गेंद बाउंड्री लाइन के पास फील्डिंग कर रहे दर्शक को काफी तेज जाकर लगी। गेंद लगने की वजह से फैन बुरी तरह से दर्द से छटपटाता हुआ नजर आया और वह जमीन पर गिर पड़ा। फैन की यह हालत बाबर से भी नहीं देखी गई और वह अपने सिर पर हाथ रखकर पछतावा करते हुए दिखाई दिए। बाबर का यह रिएक्शन सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लगातार तीसरे टी-20 मैच में अर्धशतक लगाने के बावजूद बाबर आजम पाकिस्तान टीम को जीत नहीं दिला सके। बाबर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों पर 58 रन की तूफानी पारी खेली।

### आर प्रज्ञाननंदा ने वर्ल्ड चैंपियन चीनी खिलाड़ी को हराकर रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के युवा शतरंज सुपरस्टार आर प्रज्ञाननंदा ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हराया। इससे वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के सर्वाधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए। मंगलवार की रात को दर्ज की गई इस जीत से 18 वर्षीय प्रज्ञाननंदा के 2748.3 रेटिंग अंक हो गए हैं जो फिडे लाइव रेटिंग में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के 2748 अंकों से अधिक है। विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था प्रत्येक महीने के शुरू में रेटिंग जारी करती है। प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए 62 चाल में जीत दर्ज की। वह आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराया। प्रज्ञाननंदा ने इससे पहले 2023 में टाटा स्टील टूर्नामेंट में भी लीरेन हराया था। इस भारतीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, 'यह बहुत अच्छा एहसास है।' प्रज्ञाननंदा के मास्टर्स ग्रुप में अब 2.5 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। यह किशोर ग्रैंडमास्टर अभी अच्छी फॉर्म में है। उन्होंने पिछले साल विश्व कप में मैग्नस कार्लसन के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। मास्टर्स ग्रुप में नीदरलैंड के अनीश गिरी 3.5 अंक लेकर पहले स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को हराया।

### शमर जोसेफ करियर की पहली ही गेंद पर किया स्टीव स्मिथ का शिकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच एडिलेड में खेला जा रहा है। वेस्टइंडीज की पहली पारी सिर्फ 188 रनों पर सिमट गई। 133 के स्कोर पर 9 विकेट गिरने के बाद आखिरी विकेट के लिए केमार रोच और डेब्यू कर रहे शमर जोसेफ ने 55 रन जोड़े। जोसेफ ने 11वें नंबर पर आकर 36 रनों का योगदान दिया। लेकिन 25 साल के जोसेफ ने बड़ा कमाल गेंदबाजी में किया। डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के नए सलामी बल्लेबाज बने हैं। लेकिन अपनी पहली परीक्षा में वह फेल रहे। वेस्टइंडीज के लिए डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने स्मिथ को अपने करियर की पहली ही गेंद पर आउट कर दिया। ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद स्मिथ के बल्ले का किनारा लेकर तीसरे स्लिप के हाथ में चली गई। स्मिथ ने सिर्फ 12 रनों का योगदान दिया। शमर जोसेफ के लिए क्रिकेटर बनना आसान नहीं रहा है। वह दो बच्चों का पिता है और अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए गार्ड की नौकरी करते थे। लेकिन वह हमेशा से क्रिकेटर बनना चाहते थे। उन्होंने अपना ध्यान पूरी तरह से क्रिकेट की ओर केंद्रित करने के लिए एक दिन अपनी नौकरी छोड़ दी। 23 साल की उम्र में उनका प्रोफेशनल डेब्यू हुआ। अब एक साल के अंदर ही वह इंटरनेशनल क्रिकेट तक पहुंच गए हैं।

राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि की बैठक करते हुए सीएस।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन विरोधियों का प्राण प्रतिष्ठा पर ज्ञान बांटना हास्यास्पदः भट्ट

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सनातन विरोधियों को प्राण प्रतिष्ठा पर टिप्पणी करने का कोई हक नहीं है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए भट्ट ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश प्रभारी व अन्य नेताओं के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा प्रक्रिया को लेकर दिए गए बयान राम और सनातन विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं को धार्मिक पद्धतियों पर ज्ञान बांटने की बजाए सनातन की प्रक्रिया समझना चाहिए। जिस पार्टी ने सरकार से लेकर न्यायालय तक हमेशा राम मंदिर का विरोध किया और श्रीराम के काल्पनिक होने का हलफनामा दिया। वह आज सनातन के विरोध में तर्क दे रहे हैं।

### एसएसपी ने किया हाथीबड़कला चौकी के नए भवन का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। हाथीबड़कला चौकी के नव निर्मित भवन का बुधवार को एसएसपी अजय सिंह ने शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शहर के वीवीआईपी रूट पर इस चौकी नए भवन से पुलिस को काफी सुविधा होगी। कहा कि स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। साथ ही पुलिस कर्मियों को भी कार्य करने और रहने में बेहतर सुविधा होगी। चौकी के निर्माण में सर्वे ऑफ इंडिया और केंद्रीय लोनिवि अधिकारियों की तरफ से दिए गए सहयोग पर आभार जताया।

### गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने अपनी रिटेल उपस्थिति बढ़ाई

**संवाददाता** देहरादून। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, इलेक्ट्रिक 2–व्हीलर्स और 3–व्हीलर्स की इबलु रेंज बनाने वाली कंपनी, ने आज उत्तराखण्ड के देहरादून में एक नये शोरूम केके ऑटोमेशन के उद्घाटन की घोषणा की है। सबसे आधुनिक टेक्नोलॉजी, स्टाइलिश और एर्गोनॉमिक डिजाइनों और श्रेणी में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन को एक साथ लाकर, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के उत्पाद सस्टेनेबल मोबिलिटी को अपनाये जाने में तेजी ला रहे हैं।

### द बिग स्प्रिंग के साथ वसंत का कीजिए स्वागत

**संवाददाता** देहरादून। वसंत का सीजन अब कुछ ही दिनों दूर है! इस अवसर पर, फैबइंडिया ने फैशन और लाइफस्टाइल के प्रेमियों के लिए द बिग स्प्रिंग कलेक्शन लॉन्च किया है। इस उत्सव में, आप स्टाइल, शिल्प, और सस्टेनेबलिटी, तीनों का आनंद उठा सकते हैं। यह पेशकश पारंपरिक हस्तशिल्प और उचित मूल्यवर्धित उत्पादों का मिलन है। द बिग स्प्रिंग 9 जनवरी से 350 से अधिक फैबइंडिया स्टोर पर उपलब्ध होगा।

# भूस्खलन न्यूनीकरण और प्रबंधन की दिशा में तेजी से करें कार्य

**बैठक**

■ सीएस ने उत्तराखण्ड लैण्डस्लाईड मिटिगेशन एण्ड मैनेजमेंट सेंटर के 5 सालों की कार्ययोजना पर अधिकारियों के साथ चर्चा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में उत्तराखण्ड लैण्डस्लाईड मिटिगेशन एण्ड मैनेजमेंट सेंटर के अगले 5 सालों की कार्ययोजना पर सेंटर के अधिकारियों के साथ चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि हिमालय विश्व के सबसे नए एवं ऊंचे पर्वतों में से एक है और भूस्खलन की दृष्टि से हिमालय के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में उत्तराखण्ड शामिल है। ऐसे में उत्तराखण्ड में भूस्खलन से संबंधित शोध, अध्ययन के साथ ही उपचार के लिए एक डेडीकेटेड सेंटर बनाया गया है। अब इसे विश्वस्तरीय बनाने के लिए हम सब को मिलकर कार्य करना है ताकि प्रदेश के साथ ही देश और अन्य देशों, जो कि भूस्खलन जैसी आपदा से ग्रस्त हैं, उनको तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



मुख्य सचिव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यों से जुड़े विश्व के अन्य संस्थानों के साथ सहभागिता कर के अपनी–अपनी तकनीक और शोध डाटा का आदान–प्रदान कर भूस्खलन न्यूनीकरण और प्रबंधन की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि भूस्खलन की शिक्षा और शोध कार्यों से जुड़े संस्थानों के छात्रों को अपने संस्थान में इन्टर्नशिप का प्राविधान रखा जाए। उन्होंने सेंटर द्वारा किए गए अध्ययनों का डाटा पोर्टल के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ओपन सोर्स में रखे जाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी इससे अपनी आवश्यकता के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सके।

उन्होंने कहा कि वानिकी अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), वन विभाग और यूएलएमएमसी के मध्य आपसी सहयोग के लिए एमओयू साइन किया जाए ताकि एफआरआई के सहयोग से ऐसे पौधों की प्रजातियों के उगाने में सहयोग लिया जा सके, जो भूस्खलन रोकने में सक्षम हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि विश्व के टॉप लेवल के ऐसे संस्थान जो पहले से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, उनके साथ शीघ्र से शीघ्र एमओयू किए जाएं। जो संस्थान ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं उनके साथ प्राथमिकता के आधार पर सहयोग लिया जाए। उन्होंने यूएलएमएमसी द्वारा किए गए सभी अध्ययनों के द्वारा एक डिजीटल मैप तैयार किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी विभाग को इसमें से किसी भी प्रकार की जानकारी हासिल करनी हो एक क्लिक में वो जानकारी हासिल की जा सके। उन्होंने कहा कि अगले 5 सालों की योजना के प्रत्येक एक्टिविटी की टाईमलाईन निर्धारित कर तय समय में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान निदेशक श्री शांतनु सरकार ने यूएलएमएमसी के अगले 5 वर्षों का रोडमैप मुख्य सचिव के समक्ष रखा।

### उपहारों की कीमत का मूल्यांकन कर की जाए नीलामी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न कार्यक्रमों में उन्हें मिलने वाले उपहारों को लेकर नवीन पहल की है। मुख्यमंत्री ने सचिव श्री विनय शंकर पांडेय को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रमों में उन्हें जो विभिन्न प्रकार के उपहार मिलते हैं, उनके मूल्य का आकलन कर उनकी नीलामी की जाए और इससे मिलने वाली रकम को जनहित के कार्यों में इस्तेमाल किया जाए। कोई सामान्य व्यक्ति भी नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभी हाल ही में लोगों से अपील की थी कि किसी समारोह में अतिथियों को बुके की जगह बुक देने की परंपरा शुरू करनी चाहिए। इससे भावी पीढ़ी में ज्ञान का भंडार बढ़ेगा व दिमाग का भी पोषण होगा। पौधा भेंट करना भी बुके का विकल्प हो सकता है। अब, इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने एक और नवीन एवं अभिनव पहल की है। दरअसल, मुख्यमंत्री उत्तराखंड या उत्तराखंड से बाहर कार्यक्रमों में शिरकत करते हैं तो लोग तमाम उपहार उन्हें भेंट करते हैं। शॉल से लेकर पेंटिंग, विभिन्न प्रकार की आकृतियां उन्हें भेंट की जाती हैं।

# आने वाले वर्षों में विद्युत की मांग और बढ़ने की सम्भावना: सीएम

**अनुरोध**

■मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी से भेंट की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी से भेंट की। मुख्यमंत्री ने न्यूनतम 1000 मेगावाट के पिट–हेड थर्मल पावर प्लांट स्थापित किये जाने के लिए उत्तराखण्ड राज्य को लगभग 125 मिलियन टन भण्डारण क्षमता की एक कोल ब्लॉक का आवंटन प्राथमिकता पर करने का अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकूल औद्योगिक नीति के कारण राज्य में द्रुत गति से औद्योगिक विकास हुआ है, जिसके फलस्वरूप विद्युत की मांग में निरन्तर वृद्वि हुई है। सर्दियों के मौसम में बिजली की कमी गंभीर हो जाती है क्योंकि ठंडे तापमान के कारण नदियों में पानी का बहाव कम हो जाता है। राज्य में बिजली की मांग प्रतिवर्ष लगभग 4 से 5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और लीन सीजन की अवधि में प्रतिदिन लगभग 4 से 5 मि.यू. की औसत कमी होती है। औद्यौगिकीरण बढ़ने के कारण आने वाले वर्षों में विद्युत की मांग और बढ़ने की सम्भावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा की गई संस्तुति के दृष्टिगत राज्य में विद्युत परियोजनाओं के तेज गति से विकास किये जाने के लिए यूजेवीएन लि. (राज्य सरकार का उपक्रम) और टीएचडीसी इण्डिया लि. के बीच एक संयुक्त उपक्रम का गठन किया गया है। टीएचडीसी इण्डिया लि. की तापीय विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में भी अनुभव को ध्यान में रखते हुए राज्य की विद्युत मांग की आपूर्ति हेतु इस नए संयुक्त उपक्रम के माध्यम से एक पिट–हेड थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

उत्तराखण्ड राज्य उन कुछ राज्य में से एक है जहां कोई भी थर्मल पावर स्टेशन संचालित नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने यथासंभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

### जनपदों में स्क्रूटिनी मैकेनिज्म को मजबूत किया जाएः सीएस

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के प्रस्तावों के अनुमोदन हेतु राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुयी। बैठक के दौरान सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग के विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सचिव आपदा को निर्देश दिए कि भविष्य में आपदा मोचन निधि राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के सभी प्रस्ताव फोटो वीडियो के साथ गतिशक्ति पोर्टल पर भी अपलोड किए जाएं। उन्होंने सचिव आपदा को सभी विभागों के लिए इसका सर्कुलर जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव न आने पर आपदा से फंडिंग नहीं की जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि कार्य धरातल पर जनपदों से होता है, इसलिए जनपदों को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।